# शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड।

## नगर पालिका परिषद, मसूरी, जनपद – देहरादून (उत्तराखण्ड)

## माल रोड़ मसूरी – यातायात विनियमन संशोधन उपविधि – 2013

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मसूरी, जनपद – देहरादून, उत्तराखण्ड द्वारा उत्तर प्रदेश, नगर पालिका अधिनियम – १६१६ की धारा २६६ (२) की अनुसूचि एव (बी) के अन्तर्गत स्वीकृत यातायात उपविधियों में मसूरी माल रोड़ पर पर्यटकों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा तथा सुविधा एवं माल रोड़ पर वाहनों के आवागमन को कम करने के उद्देश्य से पालिका द्वारा उपनियमों की विभिन्न धाराओं में संशोधन का निर्णय लिया गया है जिसे नगर पालिका अधिनियम १६१६ की धारा ३०० के अन्तर्गत जनसाधारण एवं प्रभावी व्यक्तियों की आपत्ति एवं सुझाव हेतु प्रकाशित किया जा रहा है। प्रकाशित संशोधित नियमावली के सम्बन्ध में सभी आपत्ति एवं सुझाव प्रकाशन की तिथि के ३० दिनो (३० दिवस) के भीतर लिखित रुप से प्राप्त कराये जा सकते हैं। कालातित आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा। उपयुक्त संशोधित उपनियम के शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगे।

## माल रोड़ मसूरी – यातायात विनियमन संशोधन उपविधि – 2013

| वर्तमान नियम/उपविधि | संशोधित नियम/उपविधि |
|---|---|
| 1.निम्न सड़कों को छोड़कर जिसके लिये अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मसूरी या उनके द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी की अनुज्ञा आवश्यक होगी, मसूरी नगर पालिका परिषद, मसूरी की सीमा के अन्तर्गत सभी सड़कें निम्नलिखित लागू प्रतिबन्ध के साथ हल्की मोटर गाड़ियों के लिये खुली रहेगी ।<br>अ) गांधी चौक से पिक्चर पैलेस तक माल रोड।<br>ब) कैम्पटी बैंक रोड।<br>स) लण्ढौर बाजार घण्टाघर के समीप शौचालय नं01 के अनुरूप होटल लण्ढौर बाजार तक । | 1– पूर्ववत |
| 2.क) माल रोड स्थित दोनों बैरियर 1 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक व 2 जनवरी से 28/29 फरवरी तक हल्की निजी गाड़ियों के लिये खुले रहेंगे । केवल पांच दिन 28 दिसम्बर से जनवरी तक माल रोड आवागमन हेतु बन्द रहेगा दिनांक 31 दिसम्बर को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सायं 4 बजे से रात्रि 1 बजे तक माल रोड यातायात को नियन्त्रण करने हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।<br>ख) 28 दिसम्बर से 1 जनवरी तक माल रोड गाड़ियों के आवागमन के बन्द होने की दशा में प्रातः 7 बजे से सायं 4 बजे तक अनुज्ञा–पत्र जारी किये जायेंगे । सायं 4 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक किसी भी गाड़ी के लिये अनुज्ञा–पत्र नहीं दिये जायेंगे ।<br>ग) माल रोड पर सामान ढोने के उपयोग में लाई जाने वाली गाड़ियों (लाईट व्हीकल्स) ट्रैक्टर, टट्टू (छन टन) जीप, जोंगा एवं टैक्सी,कार बिना अनुज्ञा –पत्र के उक्त अवधि में भी नहीं चल सकेंगी । | 2.क) माल रोड स्थित दोनों बैरियर 1 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक व 2 जनवरी से 28./29 फरवरी तक भी हल्की निजी गाड़ियों को निर्धारित शुल्क अदायगी पर ही नियमानुसार माल रोड पर प्रवेश की अनुमति रहेगी।<br>ख) वर्ष भर/रात्रि के समय में, भी माल रोड पर गाड़ियों के आवागमन को प्रतिबन्धित /नियन्त्रित किया जायेगा। जिस हेतु प्रातः 7.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक अनुज्ञा–पत्र जारी किये जायेंगे । सायं 4.00 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक (प्रतिबन्धित समय) किसी भी गाड़ी के लिये अनुज्ञा–पत्र नहीं दिये जायेंगे। रात्रि 10.30 बजे से प्रातः 7.00 बजे तक पुनः अनुज्ञा पत्र जारी किये जायेंगे। पूर्व प्रतिबन्धित समय के अतिरिक्त, समय प्रातः 7.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक एवं समय रात्रि 10.30 बजे से प्रातः 7.00 बजे तक के लिए, माल रोड प्रवेश हेतु प्रति वाहन प्रति फेरा रू0– 300–00 के भुगतान पश्चात हल्की निजी वाहनों के लिए अनुज्ञा पत्र जारी किया जा सकेगा। यह अनुज्ञा केवल वाहनों को उनके गन्तव्य स्थान तक आने–जाने हेतु ही दी जायेगी।<br>ग) पूर्ववत । |
| 3. माल रोड, गांधी चौक से पिक्चर पैलेस एवं कैम्पटी बैंक तथा घण्टाघर से गुरुद्वारा चौक तक भारी वाहनों जैसे ट्रक, बस आदि के लिये पूर्णतः वर्जित है । निजी हल्के वाहन जैसे जीप, जोंगा जो माल ढोने के कार्य में प्रयोग में लाये जाते हों, को भी माल रोड, कैम्पटी बैंक रोड पर चलने की अनुमति केवल विशेष स्थिति में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, मसूरी या उनके द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी द्वारा रू0 200–00 प्रति फेरे के हिसाब से तथा ट्रैक्टर, डीसीएम टोयोटा जैसी गाड़ियों में रू0 200–00 अनुज्ञा शुल्क भुगतान करने पर रात्रि 1 बजे से प्रातः 6 बजे तक अनुमति दी जा सकती है। | 3. माल रोड, गांधी चौक से पिक्चर पैलेस एवं कैम्पटी बैंक भारी वाहनों जैसे ट्रक, बस आदि के लिये पूर्णतः वर्जित है । निजी /व्यवसायिक हल्के वाहन जैसे जीप, जोंगा, जो माल ढोने के कार्य में प्रयोग में लाये जाते है को भी माल रोड, कैम्पटी बैंक रोड पर चलने की अनुमति केवल विशेष स्थिति में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, मसूरी या उनके द्वारा प्रतिनियुक्त (अधिकृत) अधिकारी द्वारा रू0 400–00 प्रति फेरे के हिसाब से तथा ट्रैक्टर, डीसीएम टोयोटा जैसी गाड़ियों में रू0 500–00 अनुज्ञा शुल्क भुगतान करने पर रात्रि 1 बजे से प्रातः 6 बजे तक अनुमति दी जा सकती है। |
| 4. मैसाणिक लॉज से आगे लण्ढौर बाजार , यूनियन बैंक तथा भारी गाड़ियों जैसे ट्रक, बस , ट्रैक्टर एवं माल ढोने के लिये प्रयोग में लाये जाने वाली गाड़ियों आदि को रू0 100–00 प्रति फेरे के हिसाब से अनुज्ञा शुल्क देने पर ही जाने की अनुमति दी जायेगी । | 4. मैसाणिक लॉज से आगे लण्ढौर बाजार , यूनियन बैंक तथा भारी गाड़ियों जैसे ट्रक, बस, ट्रैक्टर एवं माल ढोने के लिये प्रयोग में लायी जाने वाली गाड़ियों आदि को रू0 300–00 प्रति फेरे के हिसाब से अनुज्ञा शुल्क देने पर ही जाने की अनुमति दी जायेगी । |

